सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	माघ 07, बुधवार, *शाके* 1942–जनवरी 27, 2021 *Magha 07, Wednesday, Saka 1942-January 27, 2021*	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

अधिसूचना

अजमेर, जनवरी 05, 2021

संख्या /अ.वि.प्रा./प.3/नियोजन/**2020-2021/800** अजमेर विकास प्राधिकरण अधिनियम, **2013** की धारा (**24**) के अनुसरण में, इसके द्वारा सूचना दी जाती है की अजमेर विकास प्राधिकरण **2013** की धारा **23** (योजना तैयार करने और उसे मंजूर किये जाने के सम्बंध में आपनाई जाने वाली प्रक्रिया) की उपधारा (**3**) में प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए मास्टर डवलपमेंट प्लान **(2013-2033)**, अजमेर रीजन तैयार कर प्राधिकरण की बैठक दिनांक **04.01.2021** के द्वारा अनुमोदित की गई, जो धारा 24 (योजना के प्रवर्तन की तारिख) की अनुपालना में दिनांक **05.01.2021** से प्रभावी होगा।

इस मास्टर डवलपमेंट योजना की प्रतिलिपियों का निरीक्षण, कलक्टर अजमेर के कार्यालय, अजमेर नगर निगम के कार्यालय तथा सम्बंधित सभी पंचायत समितियों के कार्यालयों में सभी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान किया जा सकता है और प्रतियां अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर के कार्यालय से खरीदी जा सकती है।

किशोर कुमार
सचिव,
अजमेर विकास प्राधिकरण,
अजमेर।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।